सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 97 | इंदौर, शुक्रवार 13 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. इस्राइल ने हमास के ठिकानों में घुसकर आंतकियों का किया खात्मा, 250 बंधक छुड़ाए; अबू अली को जिंदा दबोचा

2. हमास के आतंकियों ने पार की बर्बरता की हद: इस्राइल में गर्भवती महिला का पेट फाड़ा, बच्चे के शव को चाकू से गोदा

3. Lucknow: इस्राइल-फलस्तीन को लेकर CM योगी का सख्त आदेश, भारत सरकार के विचारों के विपरीत जाने पर होगी कार्रवाई

4. Rail Accident: जिस ट्रैक पर नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस का हादसा, वहां की अब तक मरम्मत नहीं; अप लाइन पर परिचालन शुरू

5. ED: झारखंड सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से झटका, धन शोधन मामले में खारिज हुई याचिका

6. Liquor Scam: संजय सिंह ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा, गिरफ्तारी के खिलाफ लगाई अर्जी

7. यूपी: अवैध खनन रोकने गई टीम पर खनन माफिया का हमला, चढ़ा दिया बुलडोजर; तहसीलदार हुए घायल

# लोकतंत्र उत्सव के साथ मनाए जाएंगे तीज त्योहार

## ◆ आचार संहिता के साथ मनेगा नवरात्र, दशहरा, दीपावली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। आगामी 17 नवंबर को प्रदेश में मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इस बीच तीज-त्योहार की रौनक रहेगी। चुनाव से ठीक पहले जहां दीपोत्सव है तो इससे पहले अक्टूबर में नवरात्र में गरबे की गूंज सुनाई देगी। बाजारों में नवदुर्गा की भक्ति के महापर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। पांडालों में माता की स्थापना के साथ गरबा पांडाल तैयार हो रहे हैं। इधर प्रशासन ने भी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है। त्योहार की शुरूआत 15 अक्टूबर नवरात्र पर माता रानी की घट स्थापना के साथ होगी। 37 दिनों के मध्य नवरात्र, विजयादशमी, शरद पूर्णिमा, करवा चौथ है। पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत 10 नवंबर से होगी। कालिका माता मंदिर सेवा मंडल ट्रस्ट की ओर से परिसर में रात्रि एवं सुबह ब्रह्म मुहूर्त में गरबारास होते हैं। यहां नवरात्र के दौरान नौ दिन हवन के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। दीपोत्सव के दौरान महालक्ष्मी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इसके अलावा कालिका माता मंदिर, सैलाना रोड राम मंदिर, इंद्रलोक नगर, स्टेशन रोड, गीता मंदिर, अम्बे चौक अलकापुरी आदि स्थानों पर गरबा रास के लिए बालिकाओं के पंजीयन के साथ पांडाल भी सजने लगे हैं।

### गरबा आयोजन पर रहेगी नजरें

आचार संहिता के कारण नवरात्र में गरबा पांडालों से लेकर आयोजन स्थल पर प्रशासन खास निगाह रखेगा। आयोजनकतार्ओं को माता की स्थापना से लेकर गरबा आयोजन की अनुमति लेनी होगी तो रात्रि में लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध के कारण समय का ध्यान रखना होगा। सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक लाउड स्पीकर उपयोग की अनुमति दी जाएगी। रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक इसका उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध की अवधि में उपयोग पाए जाने पर लाउड स्पीकर को जब्त कर लिया जाएगा।

### आचार संहिता में त्योहार

15 अक्टूबर को नवरात्र स्थापना

22 अक्टूबर दूर्गा पूजा अष्टमी

23 अक्टूबर दूर्गा महानवमी पूजा

24 अक्टूबर को विजयादशमी

28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा

01 नवंबर करवा चौथ

10 नवंबर धनतेरस

11 नवंबर त्रयोदशी

12 नवंबर दीपावली

13 नवंबर अमावस्या

14 नवंबर गोवर्धन पूजा

15 नवंबर भाईदूज, बिरसामुंडा जयंती

16 नवंबर से छठ उत्सव

### दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**इंदौर।** आगामी 17 नवंबर 2023 को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आज स्वीप गतिविधि के अंतर्गत दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और बताया कि 17 नवंबर को इंदौर जिले में वोटिंग का त्यौहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन, कमिश्नर श्री मालसिंह, कलेक्टर इलैयाराजा टी उपस्थित थे। उन्होंने दिव्यांगजनों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। दिव्यांगों ने तिपहिया वाहनों पर सवार होकर वाहन रैली निकाली। इस अवसर पर महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ के बच्चों द्वारा ब्रेल लिपि में तैयार की गई मतदान करने की अपील और शपथ का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में विकलांग कल्याण संघ के 30 मूक-बधीर बच्चों द्वारा साईन लैंग्वेज में मतदान करने की अपील की गई। इन बच्चों ने हर हाल में मतदान करने का संदेश देने के लिए आकर्षक पेंटिंग्स भी तैयार की है।

# तिलक नगर से रिंग रोड़ को जोड़ने वाली मास्टर प्लान की सड़क 2.60 करोड़ में बनेगी

◆ढाई करोड़ के बगीचे,ड्रेनेज,स्ट्रॉम लाइन आदि कार्य भी होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मास्टर प्लान की सडक़ तिलक नगर से रिंग रोड़ को जोडऩे वाली सडक़ का निर्माण शुरु होने वाला है। इस सडक़ के बनने से कनाडिया रोड़ पर यातायात का दबाव कम होगा साथ ही तिलक नगर से सीधे रिंग रोड़ पर पहुँच जाएँगे।**

पार्षद व एम आई सी मेंबर राजेश उदावत ने बताया की मास्टर प्लान की यह सडक़ पलासिया से रिंग रोड़ तक पहुँच मार्ग का एक बड़ा हिस्सा पलासिया से तिलक नगर तक पूर्व में बन चुका है,शेष हिस्सा तिलक नगर श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल से महावीर नगर पानी की टंकी तक लगभग 2करोड़60 लाख की लागत से 60 फिट चौड़ी सीमेंट की सडक़ का 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव व क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया द्वारा किया जाएगा।

श्री उदावत ने बताया इसके अलावा लगभग 2करोड़ 50 लाख की लागत से वार्ड में 6 बगीचे,संविद नगर,विनोबा नगर,गोयल नगर,शक्ति नगर में ड्रेनेज लाइन डालने का वंदना नगर,गोयल रीजेंसी,तिलक नगर,संविद नगर से पत्रकार चौराहे तक स्ट्रॉम वॉटर लाइन,तिलक नगर व वंदना नगर में पेवर लगाने के साथ ही विनोबा नगर में महिला स्नानघर आदि कार्य का भी होंगे। लगभग 2 करोड़ से अधिक लागत से वार्ड में किए गए विकास कार्य संविद नगर से विनोबा नगर तक ड्रेनेज लाइन, संविद नगर सब्जी मंडी सडक़,संजीवनी किलीनिक आदि का लोकार्पण किया जाएगा।

# साहित्य को जन जन तक पहुँचाने की जवाबदारी हम सबकी

◆दो दिवसीय लिट्रेचर फेस्टिवल का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आज सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के दौर में साहित्य के प्रति रुझान कम हो रहा है, जो चिंताजनक है। इस कमी को भरने के लिए साहित्यप्रेमियों को आगे आना होगा। ये विचार मोहन राकेश राष्ट्रीय नाट्य सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध नाट्य लेखक एवं कवि ऋषिकेश वैध के है जो उन्होंने मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी मे आयोजित 2 दिवसीय लिट्रेचर फेस्टिवल का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि बतौर व्यक्त किये। आयोजन द ग्रेट इंडियन बुक टूर जयपुर ने किया।

इस मौके पर मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के चांसलर आर डी मित्तल, वॉयस चांसलर दिलीप के पटनायक, प्रो. वॉयस चांसलर डी के पांडा और कनविनर डॉ. शिप्रा जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। पटनायक ने कहा साहित्य एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपनी बात को अच्छे से कह सकते है। साहित्य में शब्दों की कमी नही होती है और ना उपमा और अलंकार की। स्वागत उद्बोधन मे डॉ. शिप्रा जोशी ने कहा कि साहित्य की अटुट् डोर में हम सब बंधे हुए है। जो चाहे वो हम साहित्य में कर सकते है। यह जानकारी टूर के संस्थापक प्रशांत गुप्ता ने दी। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि लिट्रेचर फेस्टिवल में लगी पुस्तक प्रदर्शनी में अधिकांश पुस्तके नये लेखकों की है जो इस आयोजन में आये है। इसके अलावा सफलता, कैरियर और मोटिवेट करने वाली भी पुस्तके है। लिट्रेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन 13 ओक्टम्बर को पहले सत्र की शुरूआत लेखकों के साथ संवाद से होगी।

## शहीद सैनिकों से लेकर दिवगंत महापुरुषों का श्राद्ध

**इंदौर।** श्राद्ध पक्ष की द्वादशी तिथि पर इंदौर में देश के शहीदों, महापुरुषों, ब्रह्मलीन संतों और आतंकी हमलों में दिवंगत हुए निर्दोष नागरिकों का कृष्णपुरा छत्री पर संस्था आनन्द गोष्ठी के द्वारा श्राद्ध,तर्पण किया गया। श्राद्ध व तर्पण की सभी क्रियाएं आचार्य पं. मनोज भार्गव (रामायणी) के सान्निध्य में हुई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख गोविंद मालू, समाजसेवी योगेंद्र महंत सहित कई गणमान्य जन,संस्था के स्वयं सेवकों ने तर्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गोविंद मालू ने बताया कि समाज के लिए जो जिए, उनके प्रति हमारा जो दायित्व है वह पूरा कर रहें है। ऐसे महान व्यक्तियों की आत्मा हमें सुपंथ पर ईमानदारी से जन सेवा, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा करने का सामथ्र्य और शक्ति दे। पुरखों का श्राद्ध कर उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण भार्गव, अशोक चतुवेर्दी, तेजकरण साहू, दिनेश गोयल, अमित विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे ’

## आचार संहिता का असर स्टूडेंट की पढ़ाई पर भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आचार संहिता का असर स्टूडेंट की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग और गोपनीय विभाग के करीब 100 अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगी है। इससे परीक्षा, रिजल्ट, मार्कशीट जैसे कई काम प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा डीएवीवी के विभिन्न अध्ययनशालाओं के अधिकारी कर्मचारी को भी चुनाव के कामों में लगाया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय नियमित रूप से परीक्षाओं के आयोजन का शेड्यूल पटरी पर ला ही रहा था, लेकिन इसी बीच चुनावों की घोषणा हो गई। परीक्षा और गोपनीय विभाग के ही सबसे ज्यादा कर्मचारी निर्वाचन में लगे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय को अपनी आगामी परीक्षाओं का टाइम टेबल बनाने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा बीते दिनों हुई परीक्षाओं के रिजल्ट भी समय पर जारी नहीं हो पाएंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने बताया कि हमने प्रथम वर्ष के सभी परिणाम जारी कर दिए हैं। द्विवतीय वर्ष के परिणाम 30 अक्टूबर तक घोषित करने के लिए कहा था, लेकिन इसी बीच आचार संहिता लागू हो गई और स्टाफ को चुनाव ड्यूटी में लगा दिया गया। इससे तय समय पर परिणाम देने में मुश्किल आ रही है। हम कोशिश कर रहे हैं कि समय पर परिणाम जारी कर सकें ताकि विद्यार्थियों को परेशानी ना आए। इसके अलावा कई परीक्षाए भी आयोजित कराई जानी थीं, अब उन्हें भी आगे बढ़ाना पड़ेगा।

## गठिया बाय जागरूकता के लिए अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विश्व गठिया दिवस जो हर वर्ष 12 अक्टूबर को मनाया जाता है, चोइथराम अस्पताल और अनुसंधान केंद्र ने 11 अक्टूबर, 2023 को इसी उपलक्ष्य में एक जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया। इस सत्र में डॉ. पारुल बाल्दी (रुमेटोलॉजिस्ट) और डॉ. सौरभ दुग्गड़ (रुमेटोलॉजिस्ट) ने गठिया बाय (अर्थराइटिस) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी एवं सलाह प्रदान की। साथ ही, एक फिजियोथेरेपी सत्र भी आयोजित किया गया, जिससे गठिया बाय (अर्थराइटिस) से पीड़ित रोगियों को बेहतर समझाइश और उपचार की दिशा में मदद मिली। साथ ही, चोइथराम अस्पताल और अनुसंधान केंद्र ने इस मौके पर वॉकथॉन का आयोजन भी किया, जिससे रोगियों के बीच जागरूकता बढ़ाई गई ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ा सकें। इस जागरूकता सत्र में डॉ. सुनील चांदीवाल (निर्देशक चिकित्सा सेवाएं), डॉ. अमित भट्ट (उप निर्देशक चिकित्सा सेवाएं), श्री अनिल कुमार लखवानी ( उप निर्देशक स्वस्थ्य सेवाएं) ने भी भाग लिया । चोइथराम अस्पताल और अनुसंधान केंद्र ने इस आयोजन के माध्यम से गठिया बाय (अर्थराइटिस) के मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगभग 300 रोगियों ने इस विश्व अर्थराइटिस दिवस पर जागरूकता सत्र में भाग लिया एवं गठिया बाय (अर्थराइटिस) के विषय में जागरूकता बढ़ाने में साथ दिया।

# स्नेह और सदभाव का निवेश भी जरूरी : डॉ. शास्त्री

छावनी अनाज मंडी प्रांगण में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में हर दिन नाच रहा पूरा पांडाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** यदि आपस में प्रेम, सदभाव और सहयोग का भाव नहीं है तो ऐसा परिवार भारतीय नहीं हो सकता। धन के बल पर आलीशान बंगले का निर्माण तो किया जा सकता है लेकिन उसमें रहने वाले परिजनों को जोडने के लिए स्नेह और सदभाव का निवेश भी जरूरी है। वृंदावन के प्रख्यात भागवतचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने इंदौर अनाज तिलहन व्यापारी संघ द्वारा छावनी अनाज मंडी प्रांगण में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा में बाल लीला, छप्पन भोग एवं नंदोत्सव प्रसंगों के दौरान भजनों पर आज भी वृंदावन से आए संगीतज्ञों और गायकों का जादू देखने को मिला जब पूरा पांडाल एक साथ थिरक उठा। विधायक आकाश विजयवर्गीय भी लगभग एक घंटे कथा श्रवण के लिए रूके और भजनों पर थिरके भी। उन्होंने पं. शास्त्री का स्वागत भी किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आसपास के गांवों और शहरों से भी आए है। नंद उत्सव के लिए आज भगवान गिरिराज का अनाज से निर्मित भव्य चित्र भी व्यासपीठ और मंच के सामने सुशोभित था, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। भगवान गिरिराज की यह कृति मूंग, मक्का, गेहूं, चना, काबुली चना एवं तुअर से श्रृंगारित की गई थी। इसके निर्माण में मंडी समिति के सदस्यों ने ही पूरा श्रमदान किया। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से रूपेश अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, प्रकाश जेठालिया, दीपक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजेश गोयल, नारायण अग्रवाल, सुलभ सेठी, सुरेश हेड़ा, संतोष बंसल, दिनेश अग्रवाल अग्रोहा, बृजमोहन ऐरन, सुभाष गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अनिल तोतला, सचिन अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ का पूजन किया। अनाज तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, वरूण मंगल, राधेश्याम चूरीवाला ने बताया कि शुक्रवार 13 अक्टूबर को दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक भगावत ज्ञान यज्ञ के दौरान कृष्ण रुक्मणी विवाह का उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

# नकली नोट कांड में जोमैटो का डिलीवरी ब्वाय गिरफ्तार

## लाखों के जाली नोट बाजार में खपाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जाली नोट मामले में पुलिस ने फूड सप्लाई कंपनी जोमैटो के डिलीवरी ब्वाय हिमांशु कौशल को गिरफ्तार किया है। आरोपित लाखों रुपये के जाली नोट उज्जैन व आसपास चला चुका है। 500 के 15 जाली नोट पुलिस ने बरामद किए हैं। साथियों की गिरफ्तारी के बाद उसने काफी नोट जला दिए थे। तीन साथियों की तलाश है जो हिमांशु से सस्ते दामों पर जाली नोट खरीदकर रुपये कमा रहे थे।

एडिशनल डीसीपी जोन-4 अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक, अन्नपूर्णा पुलिस ने पिछले दिनों गणेश चौहान, विक्रम नरेश, प्रेयस स्वामी, राजेश बारबड़े और प्रवीण सिंह को जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। गिरोह के सरगना राजेश ने पूछताछ में बताया कि वह एक लाख रुपये के असली नोट लेकर पांच लाख के जाली नोट देता था। उसने हिमांशु पुत्र राजेश कौशल निवासी गो धाम कालोनी (उज्जैन) का नाम बताया, जो करीब एक साल से राजेश के संपर्क में था।

गुरुवार को पुलिस ने हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया। वह फूड सप्लाई कंपनी जोमैटो में डिलीवरी ब्वाय है। वह राजेश से दो हजार के 100, पांच सौ के 400 और 100 के 30 हजार जाली नोट ले चुका है। हिमांशु और राजेश के बीच रुपयों का लेनदेन आनलाइन होता था, जिसका पुलिस को रिकार्ड मिला है। एडिशनल सीपी के मुताबिक, हिमांशु ने बताया कि उसने उज्जैन में स्वयं का नेटवर्क स्थापित कर लिया था, जो नकली नोट सप्लाई करने लगे थे। उसने तीन युवकों के नाम भी कबूले हैं। पुलिस के मुताबिक, हिमांशु गिरोह का अहम सदस्य है। राजेश से उसके पुराने रिश्ते है। राजेश ने नकली नोट छापने की शुरूआत में स्कैनर व प्रिंटर खरीदे तो हिमांशु ने ही उसे आर्थिक मदद की थी।

एडिशनल सीपी के मुताबिक, राजेश शातिर अपराधी है। उसने स्वयं को मृत घोषित कर अशोक चौहान के नाम से पहचान स्थापित कर ली थी। स्वयं का मृत्यु प्रमाण पत्र भी बना लिया था। एनएएसआइएफ की मदद से उसके आपराधिक रिकार्ड की जांच की तो पता चला कि देवास, भोपाल में धोखाधड़ी के अलावा मुंबई में वाहन चोरी का केस दर्ज है।

### निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश

# निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर और उज्जैन संभाग में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई

## ◆ मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में बढ़ाने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू एवं मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा आज इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में शामिल सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने जिले में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के अन्य पदाधिकारियों के सहित इंदौर कमिश्नर श्री मालसिंह, उज्जैन कमिश्नर श्री संजय गोयल, उज्जैन आईजी श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री मकरंद देउस्कर, पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण श्री राकेश गुप्ता भी उपस्थित थे।**



बैठक में निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में डुप्लीकेशन ना हो। मृत लोगों के नाम सूची में ना रहें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हों उनके ईपिक कार्ड प्रिंट कर शीघ्रता से वितरित किए जाएं। सभी रिटर्निंग आफिसर अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लें और मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों में 1550 से अधिक मतदाता हैं ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में विभक्त किया जाए और नया मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में बनाया जाए। मतदान केंद्र पर मतदान कराने के लिए आने वाले मतदान दल और सुरक्षा कर्मियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए, जिससे उनका मतदान कराने में अच्छा अनुभव रहे।

बैठक में निर्देशित किया गया कि चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मचारियों, 80 वर्ष से अधिक की आयु के अशक्त और दिव्यांगजनों के लिए बैलेट की तैयारी अच्छी तरह से की जाए। बीएलए को भी पता होना चाहिए कि किन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाना है। चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। सोशल मीडिया पर खास निगरानी रखी जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति धार्मिक, साम्प्रदायिक और जातिगत पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का काम ना कर सके। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक और जिला बदर की कार्यवाही की जाए। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए जिले के भीतर, सीमा और राज्य के बार्डर पर नाके लगाकर वाहनों की सख्ती से जांच की जाए। मदिरा के अवैध निर्माण और परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाए। फ्लाइंग स्काड और एसएसटी द्वारा मुस्तैदी से काम किया जाए।

बैठक में निर्देशित किया गया कि चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए बनाए गए सी-विजिल मोबाइल एप का व्यापक प्रचार किया जाए। वलरनेबल क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गए। बैठक में इंदौर, बड़वानी, धार, खंडवा, झाबुआ, बुरहानपुर, आलीराजपुर, खरगोन, उज्जैन, नीमच, आगर मालवा, शाजापुर, देवास, मंदसौर, रतलाम के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

# सहकारी मंडल के संचालक मंडल के चुनाव रविवार को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजेंद्र नगर सहकारी मंडल के संचालक मंडल के 11 सदस्यों के लिए चुनाव रविवार 15 अक्टूबर को होने जा रहे हैं जिसमे मुख्य मुकाबला पार्षद प्रशांत बडवे द्वारा समर्थित पैनल और निवृत्तमान संचालक मंडल के बीच है जिसके कुछ सदस्यों पर अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के गंभीर प्रमाणित होकर सहकारी विभाग द्वारा पूर्व अध्यक्ष संजय मिश्रा , सतीष येवतीकर व अन्य संचालकों के विरुद्ध कायवाही की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि राजेंद्र नगर सहकारी मंडल वहां के प्लॉट धारकों के सदस्यों की संस्था 8000स्वीकृत है। लेकिन पूर्व अध्यक्ष संजय मिश्रा द्वारा चुनावी व अन्य लाभ के लिए 839 सदस्य बनाए गए है जिसके लिए भी उनके विरुद्ध आपराधिक व 6 वर्ष के लिए चुनाव लडने से अपात्र घोषित करने की कार्यवाही सहकारी विभाग द्वारा की जा रही है। इसी तरह पूर्व के संचालक मंडल ने अपने कार्यकाल के दौरान प्लॉट वितरण, नामांतरण, एन ओ सी आदि के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं । अनेक मामलों में सहकारिता विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच सहकारिता विभाग के एक आदेश के बाद नए निर्वाचन कराए जाने की घोषणा कर दी गई है। दिनांक 7 अक्टूबर तक 11 पदों के लिए कुल 32 नामांकन दाखिल किए गए थे जिसमे से 7 नाम वापिस ले लिए गए थे जबकि समाज के प्रतिष्ठित तीन व्यक्तियों के नामांकन को आपत्ति दर्ज कराते हुए दबाव की राजनीति के चलते निरस्त करवा दिया गया । तीनों प्रत्याशियों ने इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील भी दायर की है। बताया जा रहा है की निवृत्तमान संचालक मंडल के भ्रष्टाचार और मनमानीपूर्ण रवैए के चलते राजेंद्र नगर के रहवासी बेहद त्रस्त हो चुके हैं । नामांतरण, एन ओ सी आदि के लिए मनमानी रकम मांगी जा रही थी जिसके चलते लोगों ने अपने मकानों, प्लॉट आदि के नामांतरण बंद करवा दिए हैं । राजेंद्र नगर के विकास की गति भी बाधित है। राजेंद्र नगर रेलवे पटरी के पास प्लॉट देने के नाम से भारी भ्रष्टचार हुआ है । रविवार को होने जा रहे चुनावों में पूर्व के संचालक मंडल पर सदस्यों का गुस्सा निकलना तय माना जा रहा है।

# पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने क्रिकेट प्रेमियों को दिया इलोइलो ऐप पर क्रिकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत का अग्रणी लाइव इंटरटेनमेंट ऐप इलोइलो एक शानदार क्रिकेट क्विज शो दीवान-ए-क्रिकेट का आयोजन करने जा रहा है। मशहूर क्रिकेट विश्लेषक आकाश चोपड़ा द्वारा आयोजित यह शो क्रिकेट विश्व कप के शौकीन लोगों को एक अलग मुकाम पर लेकर जाएगा। क्रिकेट प्रेमी एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार रहें और क्योंकि यहाँ उन्हें मिलेगा 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और आकाश चोपड़ा से लाइव मिलने का मौका।

8 अक्टूबर, 2023 से शुरू होने वाला यह शो दीवान-ए-क्रिकेट एकदिवसीय विश्व कप में भारत के हर मैच की पारी में ब्रेक के दौरान दर्शकों को अपने से जोड़ेगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर, कमेंटेटर, यूट्यूबर और कॉलमिस्ट आकाश चोपड़ा, शानदार मैच कमेंट्री के साथ इस बेहतरीन लाइव शो की शुरूआत करेंगे और इलोइलो ऐप यूजर्स को लाइव शो पर उनके साथ बातचीत करने का मौका देंगें। इसके बाद क्विज होगा, जिसमें हर प्रश्न के चार विकल्प और एक काउंटडाउन टाइमर चलता रहेगा। सबसे सटीक उत्तर देने वाले प्रतियोगी को आकर्षक नकद पुरस्कार पाने का अवसर मिलेगा। गेम शो के होस्ट आकाश चोपड़ा ने कहा, मैं भारत में अग्रणी लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों में से एक इलोइलो ऐप पर दीवान-ए-क्रिकेट को लाइव होस्ट करने के लिए उत्साहित हूं। क्रिकेट निश्चित रूप से एक ऐसा खेल है जो पूरे देश को एकसाथ लाता है।

# टिकट मिलने के बाद उम्मीदवार भगवान की शरण में, कोई मांग रहा मन्नत, कोई करा रहा पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जो उम्मीदवार जनता की कसौटी पर खरा उतरता है, उसे ही जनता विधानसभा की राह दिखाती है, लेकिन टिकट मिलने के बाद उम्मीदवार भगवान की शरण में भी जा रहे है। कोई जीत के लिए मन्नत मांग रहा है तो कोई पूजन हवन करा रहा है। मालवा निमाड़ के शक्तिपीठ नलखेड़ा के बगुलामुखी मंदिर में भी कई उम्मीदवार जीत के लिए विशेष पूजा करा रहे है। टिकट पाने के लिए भी यहां पूजा पाठ हो रहे है।



सांवेर से भाजपा के उम्मीदवार तुलसी सिलावट गुरुवार को टिकट मिलने के बाद रेवती गांव के हनुमान मंदिर पहुंचे। मंदिर तक पहुंचने के लिए चार सौ सीढ़ियां चढ़ना पड़ती है। 64 साल से सिलावट समर्थकों का सहारा लेकर मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा की और मंदिर में नया ध्वज भी लगाया।

इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे। दो नंबर विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार टिकट पाने वाले विधायक रमेश मेंदोला ने भी कटरा जाकर माता वैष्णव देवी के दर्शन किया। उम्मीदवार घोषित किए जाने के दूसरे दिन वे इंदौर लौटे तो समर्थकों ने उनका विमानतल पर रात को जोरदार स्वागत किया।

### शक्तिपीठ में दावेदार करा रहे विशेष पूजा

आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में बगुलामुखी माता मंदिर में भी दावेदार और उम्मीदवारों की आवाजाही लगातार बढ़ गई है। पुजारी कमलेश शर्मा बताते है कि नवदुर्गा के दौरान देशभर के नेता दर्शन के लिए यहां आते है और वे जीत के लिए विशेष अनुष्ठान और हवन कराते है।टिकट के लिए भी कई दावेदार मंदिर में आकर मन्नत मांग कर गए है। मन्नत पूरी होने पर वे फिर आते है और हवन में शामिल होते है।

# कांग्रेस कार्यालय की बैठक में समर्थकों ने की नारेबाजी, शहर अध्यक्ष ने शांत करवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन में कांग्रेस को नाम तय करने के लिए खासी मशक्कत करना पड़ रही है। मंगलवार रात में हुई बैठक में इस क्षेत्र के दावेदारों ने अपना नाम दमदारी से रखा। इनके समर्थकों ने नारेबाजी भी की जिसे बाद में शांत करवाया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वायरल हो रहा है।**



जानकारी के मुताबिक पार्टी की बैठक में पूर्व मंत्री महेश जोशी के बेटे दीपक जोशी उर्फ पिंटू ने लोकसभा प्रभारी विमल शाह की मौजूदगी में मंच से कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी अगर विवेकपूर्ण निर्णय लेती है तो निश्चित मानिए कि हम कांग्रेस पार्टी को इंदौर 3 की सीट दिलाकर रहेंगे। अगर कोई एक सीट इंदौर में कांग्रेस सबसे पहले जीतेगी तो क्षेत्र क्रमांक 3 की ही जीतेगी। इस क्षेत्र से पिंटू जोशी के साथ उनके चाचा और इसी सीट से पूर्व विधायक अश्विन जोशी और पूर्व शहर अध्यक्ष अरविंद बागड़ी दावेदारी कर रहे हैं।

### शहर अध्यक्ष ने नारेबाजी शांत करवाई

बैठक में पूर्व विधायक अश्विन और पिंटू जोशी के कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। इस पर शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने सभी को शांत करवाया। शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा से इसे लेकर बहस तक हुई। शहर अध्यक्ष ने पिंटू जोशी को सलाह दी कि वो अकेले दावेदार नहीं हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बीच पिंटू जोशी और अश्विन जोशी गुट खुलकर एक-दूसरे के सामने आ गए। बाद में पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष और इसी सीट से तीसरे दावेदार अरविंद बागड़ी का संबोधन टालने की कोशिश हुई तो इस पर बवाल मच गया। बाद में उन्हें आभार के लिए बुलवाया गया। अरविंद बागड़ी के समर्थकों ने कहा कि संगठन की बैठक में जो हुआ वो पार्टी अनुशासन के खिलाफ है। इधर कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने नारेबाजी सहित अन्य बातों से इनकार किया है।

### बैठक में नहीं आए अश्विन जोशी

कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में हुई इस बैठक में लोकसभा प्रभारी शाह, इंदौर सह-प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, कार्यवाहक अध्यक्ष गोलू अग्निहोत्री, पूर्व शहराध्यक्ष अरविंद बागड़ी मंच पर थे। पूर्व विधायक अश्विन जोशी बाहर होने से शामिल नहीं हुए थे

# दिग्विजय बोले- पीएफआई पर 97 प्रतिशत केस झूठे

## ◆सीएम शिवराज का प्रियंका गांधी से सवाल- क्या आप दिग्विजय से बयान से सहमत हैं?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर दिग्विजय सिंह के बयान पर बीजेपी हमलावर हो गई है। सीएम शिवराज सिंह ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से पूछा कि दिग्विजय सिंह पीएफआई पर कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं, क्या ये कांग्रेस का रुख है? क्या आप उनके बयान से सहमत हैं? इधर दिग्विजय सिंह ने सफाई में कहा कि मेरे जवाब को गलत तरीके से कोट किया जा रहा है।**

दिग्विजय सिंह बुधवार को उज्जैन में थे। जहां मीडिया ने उनसे पीएफआई पर कार्रवाई को लेकर सवाल किया था। इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा था - बात ये है कि यदि पीएफआई के ऊपर इस प्रकार का आरोप है तो आप दस छापे मारिए हमें कोई आपत्ति नहीं हैं। लेकिन, देखने में आ रहा है कि जितनी भी इन्होंने छापेमारी की है 97 प्रतिशत केस झूठे पाए गए हैं।

### शिवराज का प्रियंका से सवाल, क्या आप दिग्विजय के बयान से सहमत हैं?

दिग्विजय सिंह के इस बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा- मैं प्रियंकाजी से सवाल पूछना चाहता हूं। आपकी पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पीएफआई पर कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। पीएफआई टेरर फंडिंग करती है। आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त है। बैन लगा हुआ है, देश की दुश्मन है। और उस पर कार्रवाई अगर होती है तो दिग्विजय सिंह विरोध करते हैं। क्या यही कांग्रेस का स्टैंड है। आतंकवादियों को महिमा मंडित करना, सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध करना, पीएफआई पर कार्रवाई का विरोध करना। प्रियंका जी आपको जवाब देना होगा कि क्या आप दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत हैं?

### दिग्गी बोले- बयान को गलत तरीके से पेश किया गया

दिग्गी ने दी सफाई- बयान पर बवाल मचने के बाद दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी सफाई दी। दिग्विजय सिंह ने लिखा- कुछ मीडिया संगठनों द्वारा पूछे गए सवाल पर मेरे जवाब को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है जो कि मैंने नहीं कहा है। सांप्रदायिकता भडक़ाने वाले संगठन पीएफआई का मैंने कभी समर्थन नहीं किया है। मैं धर्म के नाम से सांप्रदायिकता फैलाने वाले व्यक्ति/संगठन के खिलाफ हूं और सदैव रहूंगा।

### रामेश्वर शर्मा बोले- दिग्विजय ने एमपी को तबाह किया

बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा - दिग्विजय सिंह ने एमपी को तबाह और बर्बाद किया। अब नया षड्यंत्र देश के अंदर चला रहे हैं। आतंकियों को जी कहकर संबोधित कर चुके हैं। सनातन, हिन्दू, हिंदुस्तान, सेना के पक्ष में नहीं बोलेंगे। इस्लामिक कट्टर आतंकवाद के पक्ष में बोलते हैं। दिग्विजय सिंह जिन्ना का स्वरूप हैं।

### सलूजा ने कहा कांग्रेस का हाथ देश विरोधी ताकत के साथ

भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने दिग्विजय सिंह के बयान पर कहा- कांग्रेस का हाथ देश विरोधी ताकत के साथ रहता है। केंद्र की मोदी सरकार ने पीएफआई को देशद्रोही गतिविधियों के चलते प्रतिबंधित किया है। लेकिन, दिग्विजय सिंह पीएफआई के समर्थन में बयान दे रहे है। कांग्रेस नेता सनातन विरोधी बयान देते हैं। यह वही नेता है जो भगवा को आतंकवाद का नाम देते हैं। लेकिन, देश विरोधी पीएफआई को अपना समर्थन दे रहे हैं..देश की जनता सब देख रही है।

# 18 महीने के मासूम की गड्ढे में डूबने से मौत

### घर के बाहर खेलते समय हुई दुर्घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। शहडोल जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के मिठौरी गांव में 18 माह के मासूम की घर के पीछे बने एक गड्ढे में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि देवांश सिंह पिता चंद्र प्रकाश सिंह उम्र 18 माह घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते मासूम गड्ढे में गिर गया। पानी भरे गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत हो गई है।**

मासूम के पिता ने बताया कि घर के गंदे पानी के लिए पास ही सोख्ता नुमा एक गड्ढा बनाया हुआ था, जिसमें घर का गंदा पानी इक_ा होता था। खेलते समय मासूम देवांश उस गड्ढे में जा गिरा। गड्ढे में 3 फीट पानी भरा हुआ था और उसमें डूबने से मासूम की मौत हो गई। देवांश जब गड्ढे में गिरा तो मां को कुछ आवाज आई। उसकी मां दौड़ पड़ी, लेकिन जब तक देर हो चुकी थी। आनन-फानन में मासूम को परिजनों ने गड्ढे से निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोग मृतक के घर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी लगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# लव मैरिज से नाराज पिता ने ससुर को मारी गोली

### बेटी ने एक महीने पहले की थी भागकर शादी, शिवपुरी के नेतवास गांव का मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी**। शिवपुरी जिले में गुरुवार को एक बेटी के पिता ने घर में घुसकर उसके ससुर को गोली मार दी। पिस्टल से निकली गोली बुजुर्ग के पैर में लगी। परिजनों ने घायल अवस्था में बुजुर्ग को पहले कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में बुजुर्ग को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। मामला कोलारस थाना क्षेत्र के नेतवास गांव का है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला प्रेम विवाह से जुड़ा हुआ है।

घायल रामस्वरूप रावत ने बताया कि आज सुबह 5 बजे तीन बाइक पर 6 लोग सवार होकर उनके घर पहुंचे थे। परिवार के सभी सदस्य अपने अपने कमरों में सोए हुए थे और वो घर की पहली मंजिल पर सो रहे थे। उनके कमरे का दरवाजा खुला था। ऐसे में सभी 6 लोग उनके कमरे में आ गए। इनमें मेरे बेटे लवकुश का ससुर राधे रावत और उसके साथ धीनु रावत, बिन्दा रावत, भारत रावत, नेताराम रावत, सुरेश रावत शामिल है। सभी ने मेरे साथ मारपीट करना शुरू कर दिया तब ही राधे रावत ने पिस्टल से निकाल कर मुझ पर फायर कर दिया। उसने 3-4 फायर किए और फिर सभी वहां से भाग गए। इस मामले कोलारस थाना प्रभारी जीतेन्द्र मावई का कहना कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मारपीट सहित हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### बेटी ने भागकर की थी शादी

जानकारी के मुताबिक नेतवास के रहने वाले रामस्वरूप रावत(65) के बेटे लवकुश रावत ने एक महीने पहले देहात थाना क्षेत्र के बामौर गांव की रहने वाली एक लडक़ी से भागकर प्रेम विवाह कर लिया था। जबकि लडक़ी के परिजन इसके लिए राजी नहीं थे। लवकुश प्रेम विवाह करने के बाद अपने गांव नेतवास में ही रह रहा था। बताया गया है कि लवकुश का बामौर गांव में आना-जाना लगा रहता था इसी दौरान लवकुश की मुलाकात लडक़ी से हो गई थी। बाद में दोनों ने भागकर शादी कर ली।

# ग्वालियर, चंबल-सागर में 17-18 अक्टूबर को बारिश

## ◆वेस्टर्न डिस्टरबेंस से बदलेगा एमपी का मौसम; सर्दी भी बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में 17-18 अक्टूबर को बारिश हो सकती है। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से होगा। इससे बाद ठंड का असर भी बढ़ जाएगा। बुधवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के कई शहरों में गर्मी का असर देखने को मिला। कई जगहों पर दिन का टेम्प्रेचर 35 डिग्री के पार ही रहा। मौसम वैज्ञानिक एसएन साहू ने बताया कि हिमालय की ओर 13 अक्टूबर को एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में 17 और 18 अक्टूबर को रहेगा। इस वजह से ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में बारिश होने के आसार है। सागर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

### अक्टूबर में बारिश, गर्मी-ठंड का ट्रेंड

मानसून की विदाई के बाद अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड पडऩे का ट्रेंड है। दिन में तेज गर्मी रहती है तो रात में गुलाबी ठंड। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में महीने में एक-दो बार हल्की बारिश भी होती है। इस बार भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना हुआ है।

**सीधे जमीन पर आ रही धूप, बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड-** पिछले 11 दिनों से प्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है। प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव नहीं होने से बादल नहीं है और धूप सीधे जमीन पर आ रही है। इस कारण धूप की तीव्रता 20त्न तक ज्यादा है। इसके अलावा राजस्थान से सूखी हवा भी आ रही है। इस वजह से गर्मी का असर है। चूंकि, पहाड़ों में बर्फबारी होने लगी है। ऐसे में अगले कुछ दिनों के बाद प्रदेश में तेज ठंड की शुरूआत हो जाएगी।

**दमोह में लगातार तीसरे दिन पारा 37 डिग्री पार-** कल दमोह सबसे गर्म रहा। यहां लगातार तीसरे दिन पारा 37 डिग्री के पार रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री रहा। खजुराहो, रीवा, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी में तापमान 36 डिग्री से अधिक रहा। भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, नरसिंहपुर, सागर, सतना, सीधी में पारा 35 डिग्री या इससे अधिक रहा।

# बिजली कंपनी के एमडी ने किया मनावर में एलआरयू का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बुधवार को धार जिले के मनावर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ट्रांसफार्मर की लोकल रिपेयरिंग यूनिट यानि एलआरयू का सघन निरीक्षण किया। प्रतिदिन खराब ट्रांसफार्मरों की गुणवत्ता से रिपेयरिंग के निर्देश दिए। श्री तोमर ने निमार्णाधीन डिविजन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। श्री तोमर ने धार जिले के अधीक्षण यंत्री श्री डीके गाठे से कहा कि जिला निर्वाचन कार्यालय, विधान सभा निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी से संपर्क करे एवं भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बूथों पर बिजली व्यवस्था की समीक्षा करे। श्री तोमर ने निर्देश दिए कि यदि किसी बूथ पर स्थाई कनेक्शन नहीं है, तो वहां समय पर अस्थाई कनेक्शन देकर व्यवस्था बनाए। इस अवसर पर मनावर के कार्यपालन यंत्री श्री कलम सिंह तड़वाल व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जादू-टोने के शक में बुजुर्ग महिला की हत्या

### शव को जंगल में दफनाया; 18 दिन बाद खुला हत्या का राज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर**। एक शख्स ने बुजुर्ग महिला की हत्या कर शव जंगल में गाड़ दिया। आरोपी को शक था कि महिला जादू-टोना करती है और वही उसकी पत्नी और बेटी की मौत के लिए भी जिम्मेदार है। 18 दिन बाद इस हत्याकांड का राज खुला। मामला आलीराजपुर जिले के क_ीवाड़ा थाना क्षेत्र का है। पनियाला गांव की रहने वाली दुलीबेन (62) अपने मायके घूट गांव आई थी। 23 सितंबर को वह अचानक लापता हो गई। काफी दिनों तक महिला का पता नहीं चला तो परिजन पुलिस के पास पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस को घटना का चश्मदीद मिला। जिसने बताया कि गांव के ही एक शख्स ने महिला की गला घोंटकर हत्या की है।

### चश्मदीद ने खोला मर्डर का राज

एसपी राजेश व्यास ने बताया- परिजन ने दुलीबाई को हर जगह तलाश किया। कहीं पता नहीं चला तो 3 अक्टूबर को कट्?ठीवाड़ा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पुलिस को घटना का चश्मदीद मिला। जिसने बताया कि घूट के ही रहने वाले नासिर पुत्र सूर्या (29) ने दुलीबाई की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तुरंत नासिर को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान नासिर ने बताया कि 22 सितंबर को उसकी पत्नी ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। इनमें से एक लडक़ा और एक लडक़ी थी। लडक़ी की मौत डिलीवरी के तुरंत बाद हो गई थी। अगले ही दिन पत्नी की भी जान चली गई। नासिर को शक था कि उसकी पत्नी और बच्ची की जान दुलीबाई के जादू-टोना करने की वजह से गई है।

## संपादकीय

### प्रतिष्ठा दांव पर लगी है...

साढ़े नौ साल से केंद्र की सत्ता में रहने के बाद नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनाव लिटमस टेस्ट से कम नहीं होगा। यह चुनाव इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि सभी राज्यों में सरकारों ने लोक लुभावन घोषणाएं करने के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इन चुनावों में फ्रीबीज या चुनावी रेवड़ियों की भी परीक्षा होने वाली है। विपक्ष के जातीय जनगणना के दांव पर जनता का रुख भी इन चुनावों में पता चलने वाला है। लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहे जाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो गया है। हिंदी पट्टी के राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही होना है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।राज्यवार बात करें तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले पांच साल से अपनी कुर्सी को बचाते आ रहे हैं। पांच साल में कई ऐसे अवसर आए, जब लगा कि गहलोत की सरकार गिर जाएगी। वर्ष 2020 में ठीक कोरोना के बीच कांग्रेस में बगावत हो गई थी। राजनीति के जादूगर अशोक गहलोत की सूझबूझ से सरकार बच तो गई, लेकिन मुख्यमंत्री निर्दलीय विधायकों पर आश्रित होकर रह गए। उसी का नतीजा था कि मुख्यमंत्री गर्वनेंस से ज्यादा विधायकों को खुश करने में जुटे रहे। चुनाव से ठीक छह महीने पहले गहलोत ने लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी। बिजली बिल माफी से लेकर मुफ्त मोबाइल बांटने तक शायद ही कोई सेक्टर होगा, जिसके लिए गहलोत ने घोषणा न की हो। 33 से बढ़ाकर 53 जिले तक कर दिए गए। छत्तीसगढ़ में 15 साल सत्ता से बाहर रहने के बाद वर्ष 2018 में कांग्रेस को सत्ता हासिल हुई थी। भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुकाबले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस बेहद अच्छी स्थिति में है। भूपेश बघेल आलाकमान को साधकर कुर्सी बचाने में सफल तो हुए। सत्ता में पुनः वापसी के लिए भूपेश बघेल ने भी चुनावी रेवड़ियों का सहारा लिया है। अब तक बघेल काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रहे हैं, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मजबूत चेहरा नहीं है। जहां तक तीसरे मोर्चे या अन्य दलों की बात है तो वो अभी कहीं नहीं नजर आ रहे हैं।

**Quote...**

"The best and most beautiful things in the world cannot be seen or even touched - they must be felt with the heart."

-Helen Keller

MORARI BAPU




**कभी हरि नाम जपते-जपते बेवजह आंखों में आंसू आ जाए तो समझ लेना कि संदेश पहुंच गया है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# प्राचीन भारत की विदुषी स्त्रियां, जिनके ज्ञान ने उन्हें बनाया महान

भारत में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। हालांकि ये प्रयास आज का नहीं, दशकों से बहुत सी स्त्रियों को पढ़ने और स्कूल जाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सवाल है कि क्या स्त्री शिक्षा दशकों पुरानी समस्या है या पौराणिक काल में स्त्रियों को दीक्षा दी जाती थी? प्राचीन भारत में पुरुषों को तो दीक्षा के लिए गुरुकुल भेजा जाता था लेकिन प्राचीन ग्रंथों में पौराणिक काल की कई विदुषी स्त्रियां का जिक्र मिलता है, हैं जिनके ज्ञान के आगे बड़े-बड़े विद्वान भी नतमस्तक हो गए। इस लेख में प्राचीन काल की ज्ञानवान स्त्रियों के बारे में बताया जा रहा है।

### ◆ विदुषी गार्गी



पौराणिक काल की विदुषी स्त्रियों का नाम आने पर सबसे पहले विदुषी गार्गी को स्मरण किया जाता है। विदुषी गार्गी का वेदों की रचना में महत्वपूर्ण योगदान था। गार्गी गर्गवंश में वचक्नु नामक महर्षि की पुत्री थीं, उनका पूरा नाम 'वाचकन्वी गार्गी' है। रामायण काल में राजा जनक के दरबार में शास्त्रार्थ का आयोजन हुआ, जिसमें ऋषि याज्ञवल्क्य और गार्गी के बीच प्रश्न-उत्तर किये गए। इन्हीं प्रश्नोंत्तर पर 'बृहदारण्यक उपनिषद' का निर्माण हुआ।

### ◆ माता सीता



गोस्वामी तुलसी दास की रामचरित मानस के मुख्य पात्र श्री राम की पत्नी जानकी यानी देवी सीता केवल अपने पतिव्रता होने के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान के लिए भी प्रसिद्ध हैं। माता सीता की गुरु विदुषी गार्गी थीं, जिनसे उन्हें वेद पुराणों का ज्ञान मिला। बचपन में शिव धनुष उठाने वाली सीता केवल वीर ही नहीं अपितु विद्वान भी थीं।

### ◆ विदुषी मैत्रेयी



प्राचीन भारत की सबसे ज्ञानी स्त्रियों में विदुषी मैत्रेयी का भी नाम शामिल है। उन्हे पिता मित्र ऋषि थे, वहीं राजा जनक के महल में विदुषी गार्गी से शास्त्रार्थ करने वाले महर्षि याज्ञवल्क्य की दूसरी पत्नी भी थीं। बता दें महर्षि याज्ञवल्क्य पहली पत्नी भारद्वाज ऋषि की पुत्री कात्यायनी थीं। विदुषी मैत्रेयी शांत स्वभाव की स्त्री थीं, जिन्हें अध्ययन, चिंतन और शास्त्रार्थ में रुचि थी। जब ऋषि याज्ञवल्क्य ने गृहस्थ आश्रम छोड़कर वन में जाने का फैसला किया तो मैत्रेयी ने आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए पति संग जाने का फैसला लिया था।

### ◆ द्रौपदी



महाभारत में पांचाल देश के राजा द्रुपद की पुत्री द्रौपदी बहुत ज्ञानवान महिला थीं। वह जितनी सुंदर थीं, उतनी ही बुद्धिमान भी थीं। जब भी पांडव किसी फैसले को लेकर चिंतित होते या संकोच करते तो हमेशा द्रौपदी उन्हें सलाह देतीं।

New Delhi

# क्यों अश्लीलता नहीं है महिलाओं का छोटे कपड़ों में, बॉम्बे हाईकोर्ट ने समझाया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) बॉम्बे हाईकोर्ट का कहना है कि महिलाओं के छोटे कपड़ों में डांस करना या इशारे करने को अश्लीलता नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट का कहना है कि इसे अनैतिक कृत्य नहीं माना जा सकता है, जिससे कोई परेशान हो। सुनवाई के दौरान अदालत ने पांच लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता यानी IPC की धारा 294 (अश्लीलता) के तहत दर्ज FIR को रद्द कर दिया।**

लाइव लॉ के अनुसार, जस्टिस विनय जोशी, और जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस की डिवीजन बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा, 'हमारा मानना है कि आरोपी क्रमांक 13 से लेकर 18 तक (महिला डांसर) के छोटे स्कर्ट्स पहनना, उत्तेजक डांस करना या इशारे करने के कृत्य को, जिन्हें पुलिस अधिकारियों ने अश्लील माना, उन्हें अश्लील नहीं कहा जा सकता है।'



बेंच ने कहा कि वे भारतीय समाज के मौजूदा मानदंडों के बारे में जानते हैं, लेकिन आज के समय में महिलाओं का ऐसे कपड़े पहनना सामान्य है और स्वीकार्य भी है। कोर्ट ने कहा, 'हम कई बार फिल्मों में कपड़े पहनने के तरीकों को देखते हैं, जिन्हें सेंसरशिप में पास कर दिया गया है या सौंदर्य प्रतियोगिताओं में ऐसा देखते हैं, जिससे किसी को परेशानी नहीं हो रही। इस मामले में IPC की धारा 294 लागू नहीं होती है।'

पुलिस ने एक रिजॉर्ट और वॉटर पार्क के बैंक्वेट हॉल पर रेड की थी, जहां 6 महिलाएं कथित तौर पर छोटी स्कर्ट्स में नाच रही थीं और आवेदक उन पर रुपये उड़ा रहे थे। पुलिस ने महिलाओं और पुरुषों, दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 5 पुरुषों के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया।

कोर्ट का कहना है कि अगर कृत्य सार्वजनिक जगह पर किया गया है, अश्लील हो या उससे किसी को परेशानी हो रही हो तो धारा 294 लगाई जा सकती है। हालांकि, ये मामला सार्वजनिक जगह पर ही था, लेकिन कोर्ट ने माना कि न तो वह अश्लील था और न ही उससे किसी को परेशानी हो रही थी।

Paschim bangal

## 212 भारतीयों को लेकर इजरायल से दिल्ली पहुंची पहली फ्लाइट, अभी भी फंसे हैं 20 हजार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के साथ इजराइल के युद्ध के बीच देश छोड़ने के इच्छुक 212 भारतीयों को लेकर पहली चार्टर उड़ान गुरुवार को बेन गुरियन हवाई अड्डे से रवाना हुई। यह फ्लाइट आज सुबह अब से कुछ ही देर पहले दिल्ली के हवाई अड्डे पर लैंड की है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर स्थानीय समयानुसार रात 22:14 बजे भारत के लिए रवाना हुए।

ऑपरेशन अजय के तहत इजरायल से भारत लाए गए एक भारतीय नागरिक ने कहा, 'इजरायल में युद्ध शुरू होने के बाद हमें भारत से हमारे परिवार और दोस्तों के फोन आने लगे थे, सभी हमारे लिए फिक्रमंद थे। मैं हमारे लिए इस ऑपरेशन के इजरायल से भारत सुरक्षित लाए जाने पर भारत सरकार और भारत के विदेश मंत्रालय का शुक्रिया अदा करता हूं।'केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा, 'हमारी सरकार किसी भी भारतीय को कभी पीछे नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार, प्रधानमंत्री उनकी सुरक्षा के लिए, उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

Uttarpradesh

◆सोनीपत में दर्दनाक हादसा

## केएमपी पर ट्रक और पिकअप की टक्कर, पांच लोगों की मौत, 11 घायल

**सोनीपत (हरियाणा), (एजेंसी)** सोनीपत में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे (केएमपी) पर खरखौदा क्षेत्र के गांव पिपली के पास ट्रक और पिकअप की टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी के बिजौली स्थित मुर्तजा अली नगर से झज्जर धान काटने जा रहे थे। खरखौदा थाना पुलिस ने तीन शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया है।



Paschim bangal

## बेंगलुरु के फ्लैट में पड़ी IT रेड, 21 कार्टन बॉक्स में भरा कैश बरामद

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** बेंगलुरु में गुरुवार आधी रात को आयकर विभाग की छापेमारी में एक फ्लैट से करोड़ों की रकम जब्त की गई है. आयकर विभाग ने पूर्व कांग्रेस पार्षद के आवास और उनके रिश्तेदारों के फ्लैट पर छापा मारा. आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा यह छापेमारी आरटी नगर में दो जगहों पर की गई.



पूर्व पार्षद अश्वत्थम्मा के एक रिश्तेदार के फ्लैट से इन पैसों की बरामदगी हुई है. आरटी नगर के आत्मानंद कॉलोनी में कार्टन बक्सों में पैक मिले करोड़ों रुपये को अब आयकर विभाग के अधिकारियों ने जब्त कर लिया. दरअसल आयकर विभाग ने गुरुवार को संदिग्ध कर चोरी को लेकर बेंगलुरु में कई जगहों पर छापेमारी की थी और इसी दौरान यह कैश बरामद हुआ है.

खेल

## ऑस्ट्रेलिया वर्सेस साउथ अफ्रीका मैच में बावाल, मार्कस स्टोइनिस और स्टीव स्मिथ के आउट होने पर खड़ा हुआ विवाद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 10वां मुकाबला लखनऊ में खेला गया। इस मैच को टेंबा बावुमा की टीम ने 134 रनों से जीतकर प्वाइंट्स टेबल में टॉप किया, वहीं पैट कमिंस की टीम को लगातार दूसरे मुकाबले में भी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ऑस्ट्रेलिया के नाम कई शर्मनाक रिकॉर्ड्स जुड़े, मगर मैच के दौरान कुछ ऐसे फैसले भी हुए जिनपर विवाद खड़ा हो गया। अगर यह फैसले ऑस्ट्रेलिया के हित में जाते तो शायद कंगारू टीम लड़ाई कर सकती थी, मगर थर्ड अंपायर के कुछ फैसले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहे। आइए जानते हैं इनके बारे में-



सबसे पहला विवाद ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें ओवर में हुआ। कगिसो रबाडा की एक गेंद जाकर स्टीव स्मिथ के पैरों पर जाकर लगी, साउथ अफ्रीकी खिलाड़ियों ने अंपायर से LBW की अपील की जिसे मैदानी अंपायर ने नकार दिया। अफ्रीकी खिलाड़ियों को लग रहा था कि यह करीबी फैसला हो सकता है जिस वजह से उन्हें DRS का इस्तेमाल किया। जब थर्ड अंपायर ने री-प्ले में देखा तो उन्होंने पाया कि गेंद सीधा स्टंप्स पर जाकर लग रही है और उन्होंने स्मिथ को आउट करार दिया। थर्ड अंपायर का यह फैसला सुनने के बाद स्टीव स्मिथ समेत मैदानी अंपायर्स और नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े मार्नस लाबुशेन भी हैरान थे क्योंकि हर किसी को लगा था कि यह गेंद लेग स्टंप के बाहर जाएगा और ज्यादा से ज्यादा अंपायर्स कॉल हो सकती है, मगर बॉल ट्रैकिंग में गेंद सीधा स्टंप पर जाकर लगी।

यह विवाद इस वजह से हुआ क्योंकि जब स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी कर रहे थे तो उनका ऑफ स्टंप साफ देखने को मिल रहा था, मगर जब थर्ड अंपायर ने री-प्ले देखा तो उसमें स्मिथ का स्टांस ही अलग नजर आ रहा था। फैंस सोशल मीडिया पर बातें कर रहे हैं कि DRS में कुछ गड़बड़ी थी।

वहीं दूसरा घटना पारी के 18वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज मार्कस स्टोइनिस के साथ घटी। इस दौरान भी गेंदबाजी का जिम्मा कगिसो रबाडा उठा रहे थे। रबाडा के ओवर की दूसरे गेंद लेग स्टंप से बाहर जाते हुए विकेट कीपर क्विंटन डी कॉक के दस्तानों में गई। साउथ अफ्रीकी खिलाड़ियों ने कॉट बिहाइंड की अपील की, मगर अंपायर आश्वस्त नहीं थे तो उन्होंने फैसला थर्ड अंपायर को सौंप दिया।

थर्ड अंपायर ने अल्ट्राएज में पाया कि जब गेंद स्टोइनिस के बगल से गुजरी तो उनके ग्लव्स का हिस्सा उस पर लगा था, जिस वजह से स्पाईक दिखाई दी। हालांकि जो गलव्स गेंद पर लगा था उसे स्टोइनिस ने बल्ले से पहले ही हटा लिया था।

सिनेमा

## दिग्गज एक्ट्रेस भैरवी वैद्य का 67 साल की उम्र में निधन, कैंसर से थीं पीड़ित



दिग्गज अभिनेत्री भैरवी वैद्य का 8 अक्टूबर को 67 साल की उम्र में निधन हो गया। पिछले कुछ समय से वह कैंसर से जूझ रही थीं। भैरवी 45 साल से एक्टिंग की दुनिया में जाना-पहचाना नाम थीं। वह कई फिल्मों और टीवी शोज में भी नजर आ चुकी थीं। भैरवी ने फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म ताल से कदम रखा था। ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर ताल में भैरवी ने जानकी का किरदार निभाया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

भैरवी ने सलमान खान की फिल्म चोरी-चोरी चुपके-चुपके में भी काम किया था। भले ही वह साइड एक्टर थीं, लेकिन उन्होंने अपनी एक्टिंग से हमेशा दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसके अलावा भी जिस भी फिल्म में वह काम करती थीं, दर्शकों और क्रिटिक्स की प्रशंसा हमेशा लूट लेती थीं। भैरवी के बारे में बताते हुए उनके को स्टार बाबुल भावसार बोले, 'मैंने उनके साथ कुछ साल पहले एक प्ले किया था। वह काफी अच्छी इंसान थीं और उनके प्ले में किरदार भी ऐसे ही होते थे। अगर वह रियल लाइफ में भी किसी से लड़ती थीं तो लगता था वह प्यार से ही बात कर रही हैं।' वहीं भैरवी के साथ फिल्म वेंटिलेटर में काम कर चुके प्रतीक गांधी ने कहा, 'मुझे फिल्म वेंटिलेटर में उनके साथ काम करने का मौका मिला।

## Highlights

1. 33 students hurt as helium cylinder & balloon explode in Chhattisgarh school
2. Canada Senate Speaker to skip 2-day G20 event in Delhi this week
3. India ranks 111th on Global Hunger Index 2023; government responds
4. Man opens fire in Sealdah-Rajdhani Express
5. Congress leader who was jailed in Saudi over 'Bharat Jodo Yatra' poster in Mecca returns
6. Thankful to PM Modi: Indian national after returning from Israel

Global Hunger Index

# Centre finds fault in methodology as India ranked below Pakistan

**NEW DElHI, (Agency).** The government has described the Global Hunger Index 2023, which ranked India at 111 among 125 countries, as an "erroneous measure of hunger" and has rejected the findings as it "suffers from serious methodological issues".

The Global Hunger Index released by Concern Worldwide and Welt Hunger Hilfe, non-government organisations from Ireland and Germany respectively, has ranked India even below its neighbouring countries Pakistan (102th), Bangladesh (81st), Nepal (69th) and Sri Lanka (60th).

We're now on WhatsApp. Click to join.

This year's index showed a four-place slip as in 2022 India ranked 107th out of 121.

The Global Hunger Index continues to be a flawed measure of 'Hunger' and it does not reflect India's true position, a statement from the ministry of women and child development said.

The Union ministry argued that three of the four indicators on which the index is calculated are related to the health of children and thus, it cannot be



representative of the entire population.

It added that the fourth and "most important indicator 'Proportion of Undernourished (PoU) population' is based on an opinion poll conducted on a very small sample size of 3000."

Key findings from Global Hunger Index 2023

• With a score of 28.7 on the Global Hunger Index-2023, India has a serious level of serious hunger, the report said.

• It added that the rate of undernourishment in India stood at 16.6 per cent and under-five mortality at 3.1 per cent.

• The prevalence of anaemia in women aged between 15 and 24 years stood at 58.1 per cent, according to the controversial index.

• It ranked the country reporting the highest child-wasting rate, which is based on children's weight relative to their height, at 18.7 per cent.

India's response to the report

• The government said the proportion of child wasting, as determined from 'Poshan Tracker' is consistently below 7.2% month-on-month, as compared to 18.7% in the Global Hunger Index 2023.

# Retail inflation slows to 5.02% in September

**NEW DElHI, (Agency).** Retail inflation declined to a three-month low of 5.02 in September, mainly due to easing food prices, according to the govern-ment data released on Thursday.

The inflation has come back to the Reserve Bank's comfort level of below 6 per cent after a gap of two months.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The inflation based on the consumer price index



(CPI) was 6.83 per cent in August and 7.41 per cent in September 2022.

The previous low was in June this year when the reading stood at 4.87 per cent. According to the data released by the National Statistical Office (NSO), the inflation in the food basket came down to 6.56 per cent in September from 9.94 per cent in the preceding month.

The Reserve Bank mainly factors in retail inflation while arriving at its bi-monthly monetary policy.

# लाखों की धोखाधड़ी में गुजरात से पकड़ाए आरोपी

## स्टेट सायबर सेल पुलिस की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्टेट सायबर सेल पुलिस ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। पकड़ाए आरोपी टेलिग्राम टास्किंग के माध्यम से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाली गैंग के दुबई माड्यूल दो सदस्य हैं। आरोपी टेलिग्राम एप ग्रुप व्दारा पीड़ितों को विभिन्न टास्क पूर्ण करने पर लाखों रुपए मिलने का झांसा देकर इनके लाखों रुपए हजम कर लिए जाते थे।**

साफ्टवेयर इंजीनियर पीड़िता से टेलिग्राम टास्किंग के माध्यम से रिव्यू देने पर रुपए मिलने का झांसा देकर 16 लाख 64 हजार रुपए ठग लिए गए थे। सेल ने इनवेस्टीगेशन के दौरान इसमें से तीन लाख रुपए रिफंड भी करवा लिए हैं,शेष रकम के रिफंड का भी प्रयास किया जा रहा है। शातिर अपराधी गोविन्द नेमाने, बैंकिंग प्रक्रिया का जानकार हैं वह पूर्व में कई बैंको में मेनेजर और अफसर रह चुका है। वह बैंको से अपने संपर्क होने से आसानी से अधिकतम ट्रांजेक्शन वाले खाते खुलवा लेता था। पकड़े गए दोनों आरोपी पूर्व में गुजरात और राजस्थान में दर्ज कई धोखाधड़ी के मामलों में भी आरोपी रह चुके हैं। वारदात के दौरान ये समय-समय पर अपना ठिकाना बदल लेते थे,इनके तार दुबई से भी जुड़े मिले हैं। सेल इस मामले में जांच कर रही है।

स्टेट सायबर सेल एसपी जितेन्द्र सिंह के ने बताया कि 24 मार्च को सा टवेयर इंजिनियर पीड़िता ने शिकायत की थी कि उसे टेलिग्राम एप पर संचालित ग्रुप में विभिन्न लिंक भेजकर टास्क क पलीट करने पर लाखों रुपए मिलने का झांसा देकर 16 लाख 64 हजार रुपए की विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित करा लिए गए। शिकायत बाद सेल ने युवती के बैंक से ट्रांजेक्शन तथा संदिग्ध टेलिग्राम एप ग्रुप के संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की ,पता चला कि फ्राड की राशि फर्जी कार्यालयों के नाम पर रजिस्टर्ड अधिकतम ट्रांजेक्शन लिमिट वाले खातों में स्थानांतरित कराई गई। इसका संचालन गैंग के माध्यम से हो रहा है। स्टेट सायबर सेल ने जांच के बाद अहमदाबाद गुजरात से गोविन्द नेमाने और विजय होतवानी को पकड़ा।

शातिर अपराधी गोविन्द नेमाने 2017 से लगातार विभिन्न बैंको- कोटक महिन्द्रा, इण्डसइंड, आईडीएफसी फस्ट, एक्साईड लाईफ, एचडीएफसी लाईफ आदि में बैंक अधिकारी के पद पर कार्यरत रहा है। वर्तमान में कोटक लाईफ इंश्योरेंस कंपनी में सेटेलाईट ब्रांच अहमदाबाद में कार्यरत है। बैंकों से अपने संपर्क का गलत इस्तेमाल करते हुए फर्जी पते पर अधिकतम ट्रांजेक्शन लिमिट वाले खाते आसानी से खुलवा कर इनका इस्तेमाल फ्राड के लिए करता है। गोविन्द अपने अहमदाबाद के संपर्क के माध्यम से मार्च महिने में दुबई गया था, बड़ी सं या में एक्टिवेटेड इंटरनेशनल रोमिंग सिम लेकर वहां गैंग के सरगना को सौंपी थी।

आरोपी विजय होतवानी इस प्रकार के अपराधों का अ यस्त होकर फर्जी कार्यालयीन पते पर अधिकतम ट्रांजेक्शन लिमिट वाले खाते विभिन्न बैंकों में खुलवाकर राशि स्वयं के खातों में जमा कराकर गैंग के सदस्यों को स्थानांतरित करता है। इसके विरुद्ध सायबर क्राइम ब्रांच पानीगेट, बड़ोदरा गुजरात तथा सायबर क्राइम ब्रांच भरतपुर राजस्थान में भी केस दर्ज हुए हैं। इनके अन्य साथियों के हैदराबाद में भी पकड़े जाने की सूचना है।

दोनों आरोपियों को अहमदाबाद गुजरात से गिर तार किया गया है। इनसे गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ की जा रही है। कई खुलासे होने की संभावना है। गैंग का पदार्फाश करने में एसपी स्टेट सायबर सेल जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर रामसुमेर तिवारी, राजेन्द्रसिंह जाट, सब इंस्पेक्टर मनीषा पाठोदे,संजय चौधरी, धीरजसिंह गौर, विक्रांत तिवारी ,विजय बड़ोदकर,महावीरसिंह परिहार,गजेन्द्रसिंह राठौर,रमेश भिड़े तथा नमन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# एमवाय में घुसा चोर, इंजेक्शन और दवाई चुराकर ले जाते में स्टाफ ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एमवाय अस्पताल में स्टाफ ने एक फर्जी डॉक्टर को पकड़ा है। वह रात में डॉक्टर की ऐप्रन पहनकर अंदर घुसा। इसके बाद बैग में दवाई और इंजेक्शन चुराने लगा। इस दौरान स्टाफ ने उससे पूछताछ की। तो वह कुछ बता नहीं पाया। अस्पताल के स्टाफ ने सुरक्षाकर्मियों को बुलाकर उसे पकड़ा दिया। और संयोगितागंज पुलिस को सूचना दी।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक पकड़ाए युवक का नाम कुशल दुलेटिया निवासी तीन ईमली है। रात में उसे एमवाय चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पकडक़र थाने भेजा। बताया जाता है कि कुशल देर रात डॉक्टर की ऐप्रन पहन रखा था। उसने मुंह पर मास्क लगाकर आया।

यहां आपातकालीन सेवा वाले वार्ड से नंबर 23 में गया। इस दौरान उसने दवाई और इंजेक्शन चुराकर जाने लगा। इस दौरान एक मरीज की नजर उस पर पड़ी उसने स्टॉफ को जानकारी दी। तो कुशल से डिपार्टमेंट को लेकर पूछताछ की गई। वह जबाव नही दे पाया। पहले वह खुद को जूनियर डॉक्टर बताने लगा।

इसके बाद ट्रेनी कहते हुए मेडिकल कॉलेज में पदस्थ होने की बात करने लगा। उसके पास कोई कार्ड नहीं मिलने के बाद उसे स्टाफ ने अंदर बैठाया और पुलिस को जानकारी दी। फिर पुलिस को सौंप दिया। अभी संयोगितागंज पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# घर से बगैर ताला तोड़े लाखों के जेवर चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तिलक नगर थाना क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने अलमारी से बगैर छेड़छाड़ किए लाखों रुपये कीमती सोना और हीरे जड़ित जेवरों पर हाथ साफ किया है।पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। महिला ने परिचितों पर ही शक जताया है। पुलिस घर के सदस्यों के भी कथन दर्ज कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, घटना बंगाली चौराहा स्थित ब्रजेश्वरी (एनएक्स) की है। पुलिस ने रिंपल अभिनव टूकरा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। रिंपल ने पुलिस को चोरी गए सामान की सूची सौंपी है।उन्होंने पुलिस को बताया कि चोर बेडरुम में रखी अलमारी से सोने के दो कड़े (गजरे लगे हुए), तीन सोने की लेडिज अंगूठियां (एक में स्टोन लगा था), तीन पेंडेंट (एक में हीरा जड़ा था), एक पेंडेंट (स्टोन व रुबी लगा हुआ), दो सोने की चेन, एक चेन वाली ईयरिंग गायब थी।

रिंपल के मुताबिक, चोरी करने वाले शख्स ने किसी तरह की तोडफ़ोड़ नहीं की है। अलमारी में रखे सारे कपड़े भी व्यवस्थित मिलें हैं। चाबी भी उसी जगह रखी मिली जहां वह रखती है। टीआइ अजय नायर के मुताबिक, घटना कब की है यह स्पष्ट नहीं हुआ है। रिंपल को 5 अक्टूबर को ज्वेलरी चोरी होने की जानकारी मिली थी। पहले घर में ही चर्चा चलती रही। ज्वेलरी का पता न चलने पर बुधवार रात थाना आकर रिपोर्ट लिखवाई है।

# किसान को दिनदहाड़े लूटा

## ◆ बदमाश ने पीछा कर दिया वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अन्नपूर्णा एसीपी ऑफिस के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक किसान को लूट लिया। रास्ते में ही किसान को रोककर मोबाइल और उसके बनियान में रखे 50 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। किसान ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फुटेज देखे और बाइक सवार आरोपियों पर केस दर्ज किया है।**

मामला अन्नपूर्णा मंदिर एसीपी ऑफिस के यहां का है। दोपहर करीब तीन बजे किसान सौदान सिंह पुत्र दुलेसिंह ने बताया कि वह करनेल हातोद में किसान है। वह सुबह प्याज की गाड़ी लेकर चोइथराम मंडी पहुंचा। यहां व्यापारी से 50 हजार रुपए लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था। तभी बाइक सवार दो युवक उसके पीछे आए आरोपियों ने कहा कि उसकी बाइक से बच्चे को पत्थर लगा है। इसके बाद एक आरोपी ने मोबाइल छीन लिया और झूमाझटकी कर बनियान में रखे करीब 50 हजार रुपए लूटकर भाग गए। बाद में किसान थाने पहुंचा और थाने पर जानकारी दी। इसके बाद खुफिया के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने फुटेज देखने के बाद मामले में केस दर्ज किया है।

# 10 के छात्र को मारे चाकू

## घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में 10 के छात्र को चाकू मारने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े छात्र ओर उसके साथी पर चाकू से हमला कर दिया। घायल छात्र को उपचार के लिये यूनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

मामला रेवेन्यू नगर का है। यहां रहने वाले स्टूडेंट मयंक पिता नरेश वर्मा पर इलाके में ही रहने वाले मनी नाम लडक़े ने चाकू से कई वार किये। बताया जाता है कि आरोपी नशे में थे। उन्होंने बाइक खड़ी की इसके बाद अचानक से मंयक को मारना शुरू कर दिया। परिवार के लोगों बताया कि रात में मयंक और उसके दोस्त बाहर थे। तभी आरोपी मनी और उसके साथी आए और अपशब्द कहने लगे। इसके बाद आरोपियों ने चाकू निकाला और ताबड़तोड़ तीन वार मयंक पर कर दिए। वहीं उसे बचाने आए दो अन्यू स्टूडेंट हेमराज ओर आयुष पर भी चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ देर रात केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## लाला गैंग का पैडलर गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने ड्रग पैलडर को गिरफ्तार किया है। आरोपित से मिथाइलीनडाइआक्सी मैथमेफटामाइन (एमडीएमए) ड्रग मिली है। आरोपित अखेपुरा प्रतापगढ़ (राजस्थान) के तस्करों से जुड़ा है। डीसीपी (अफराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, आरोपित शाहरुख निवासी गफूरखां की बजरिया (सदर बाजार) है।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।